# AI के सामाजिक परिणाम एवं चुनौतियां

बाल चन्द रेगर, शोधार्थी, राजनितिक विज्ञान, केरियर पॉइन्ट विश्वविद्यालय, कोटा, राजस्थान


## शोध सारांश

कृत्रिम तकनीक ने हमारे समाज पर गहरा प्रभाव डाला है तथा सामाजिक रूप से भी कई लोगों को प्रभावित किया है कुछ सामाजिक परिणाम एवं चुनौतियां को हम यहां समझ सकते हैं।

**सामाजिक परिणाम**

1. **रोजगार की कमी**– AI के कारण कहीं उद्योगों एवं संस्थानों में रोजगार की संभावनाएं कम हुई है तथा लोगों की जीवन शैली पर प्रभाव पड़ा है।
2. **सामाजिक असमानता**– आई तकनीक का उपयोग करने वाले लोगों के बीच सामाजिक एवं आर्थिक असमानता बढ़ रही है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति इस तकनीक को महत्व दे रहे हैं जिससे समाज में असमानता का वातावरण उत्पन्न हो रहा है।
3. **गोपनीयता की चिंता**– AI तकनीक के उपयोग से व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता खतरे में पड सकती है तथा लोगों के साथ सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा है।
4. **नैतिक मुद्दे**– AI के निर्णय लेने की प्रक्रिया में नैतिक मुद्दे उत्पन्न हो सकते हैं और लोगों में भेदभाव और अन्य का वातावरण सामाजिक परिवेश में देखा जा सकता है जो की एक गंभीर समस्या है।
5. **शिक्षा और प्रशिक्षण**– AI विकास के साथ ही शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकता बदल सकती है और शिक्षा में नवाचार के साथ–साथ अनेक कौशलों की मांग भी बढ़ सकती है तथा प्रशिक्षण के लिए भी इस तकनीक के द्वारा लोगों को प्रभावित करने का असर कम हो सकता है जो की सामाजिक रूप से कम कारगर है।

**चुनौतियां**–

1. **नियमन और अनुशासन**– AI विकास और उपयोग को नियंत्रित करने के लिए नियमन एवं अनुशासन की अधिक आवश्यकता है। अतः बहुत सटीक तरीकों से इसे नियंत्रित किया जा सकता है।
2. **जिम्मेदारी एवं जवाबदेही**– AI के निर्णयो के लिये जिम्मेदारी और जवाबदेही का निर्धारण करना एक चुनौती है।
3. **सुरक्षा और साइबर सुरक्षा** – AI प्रणालियों की सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है तथा लोगों में एक विश्वास को कायम करना बड़ी कठिनाई है।
4. **नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का समावेश**– इस तकनीक के द्वारा नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक मूल्यों का आपस में मिलना एक महत्वपूर्ण चुनौती है क्योंकि इस तकनीक के द्वारा नैतिक मूल्य पूरी तरह से नष्ट हो सकता है। सामाजिक दूरियां बढ़ रही है। अतः नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का समावेश करना एक चुनौती है।
5. **सामाजिक और आर्थिक लाभो का वितरण**– AI के लाभों को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना और आर्थिक लाभों का वितरण करना एक चुनौती है इन सबके लिए नीतियों एवं नियमों का विकास करना चाहिए।